14-08-2023

PUNJAB KESARI

निवेश के नाम पर ठगे 1.40 लाख, पुलिस ने लौटाए



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना पुलिस ने एक युवक के साथ हुई धोखाधड़ी की पूरी रकम वापस कर दी। पुलिस ने पीड़ित हिमांशु को 1,40,000 रुपये वापस दिए। पैसे मिलने के बाद युवक काफी खुश थे। वह पुलिस को धन्यवाद कह रहा था। डीसीपी अमरुथा गुगुलोथ ने बताया कि पुलिस को एनसीआरपी से शिकायत मिली। शिकायतकर्ता हिमांशु ने पुलिस को बताया कि टेलीग्राम ग्रुप पर टास्क आधारित निवेश योजना के बहाने उनसे कुल 1,40,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। टीम ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर थाने के एसएचओ के नेतृत्व में एसआई नवीन, हेड कांस्टेबल पारस और कुलदीप की टीम बनाई गई। टीम ने तुरंत कार्रवाई की। जांच में पुलिस को पता चला कि रकम एक खाते में ट्रांसफर किया गया है। टीम ने तुरंत उस अकाउंट की राशि को होल्ड कर दिया। रकम होल्ड करने के बाद पुलिस टीम ने रकम पीड़ित को वापस दिला दिया।